<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–28.05.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने दुमका की चुनावी सभा में कहा–झामुमो सरकार झारखंड में जनजातीय लोगों की अनदेखी कर घुसपैठियों को दे रही है संरक्षण।
2. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने महंगाई और बेरोजगारी के लिए भाजपा को जिम्मेवार ठहराया।
3. संताल के तीनों लोकसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण चुनाव के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रशासनिक तैयारियां हुईं तेज, साहिबगंज और पाकुड़ में बैठक और सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण।
4. राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में अगले चार दिनों तक चलेगी लू, मौसम विभाग ने पलामू के लिए ऑरेंज अलर्ट और अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट किया जारी।

**************

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 4 जून के बाद भ्रष्ट लोगों के विरूद्ध कार्रवाई और तेज होगी। झारखंड के दुमका एयरपोर्ट मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने आरोप लगाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने अपने शासन में झारखंड को लूटा और धन संग्रह किया है। श्री मोदी ने कहा कि भ्रष्ट मंत्रियों, सांसदों और अधिकारियों के ठिकानों पर हुई छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश के लोग कांग्रेस के कुशासन से परेशान थे। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, आरजेडी और आईएनडीआई गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का सबसे बड़ा उदाहरण बन चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व् वाला गठबंधन झारखंड में घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान कर रहा है और जनजातीय लोगों के हितों की अनदेखी कर रहा है।

बता दें कि पहली जून को होने वाले अंतिम चरण के चुनावों में झारखंड के तीन निर्वाचन क्षेत्रों गोड्डा, दुमका और संताल क्षेत्र के साहिबगंज में मतदान होगा।

**************

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेत्री कल्पना सोरेन ने आज पाकुड़ के पाकुड़िया यज्ञ मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजमहल से पार्टी प्रत्याशी विजय हांसदा को जिताने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने झारखण्ड के साथ भेदभाव किया और इसका बदला लोकसभा चुनाव में जनता लेगी। झामुमो नेत्री ने केंद्र सरकार और भाजपा पर आरोप लगाया कि जब हम अपना अधिकार मांगते हैं तो फंसाया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसाने का आरोप लगाया। श्रीमती सोरेन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की जीत होगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार को महंगाई और बेरोजगारी की चिंता नहीं है।

**************

रांची लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और सांसद संजय सेठ ने 25 मई को संपन्न हुए रांची लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि एक लाख लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था जिसके कारण वे लोग मतदान करने से वंचित रह गये थे। श्री सेठ ने आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत राज्य सरकार के इशारे पर ऐसा किया गया है। रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने

कहा कि रांची नशे की राजधानी बन गई है। संजय सेठ ने कहा कि 4 जून के बाद उनका पहला काम रांची को नशा मुक्त बनाना होगा।

**************

संताल की तीनों सीटों–दुमका, गोड्डा और राजमहल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। साहिबगंज समाहरणालय में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में आज मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान श्रीमहेश्वरम ने बताया कि पिछले चुनाव में जिन बूथो पर 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था उन इलाकों में 30 और 31 मई को जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। वहीं साहिबगंज के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जैप नाईन कार्यालय में एक बैठक की। इसमें दूसरे राज्यों से आये और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

उधर पाकुड़ के जिला निर्वाचन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार वर्णवाल और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की मौजूदगी में रविंद्र नगर भवन में सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को बूथों पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने और मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित साहिबगंज स्ट्रॉन्ग रूम तक पहुंचाने के बारे में जानकारी दी गई।

**************

गढ़वा जिले में बच्चों को नशा मुक्त कराने के लिए अभियान शुरू किया गया है।

**************

चतरा जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक से 10 जून तक जिले के सभी छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के 12 गांवों में जांच के लिए खून के नमूनों का संग्रह किया जायेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक गांव से रक्त के 300 नमूने संग्रह किये जायेंगे। इसे लेकर आज चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर एनबीएस जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

**************

रामगढ़ जिले की पुलिस ने टीपीसी संगठन के एक उग्रवादी को दो पिस्टल, चार कारतूस और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार टीपीसी उग्रवादी समरित गंझू ने भुरकुंडा थाना क्षेत्र की सयाल डी कोलियरी में 20 मई 2024 को पे–लोडर में पेट्रोल डालकर आग लगाई थी और कई राउंड फायरिंग भी की थी। श्रीकुमार ने बताया कि इस उग्रवादी का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

**************

संक्षिप्त खबरें

- सरायकेला–खरसावां ज़िले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय एक युवक के आत्महत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।
- लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त किया है।

- विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस को लेकर देवघर जिले के सभी प्रखंडों में माहवारी स्वच्छता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- जमशेदपुर में गुरु अर्जुन देव के शहादत दिवस के मौके पर आज कई स्थानों पर शरबत और प्रसाद का वितरण किया गया।
- राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 31 मई को वर्ल्ड नो टेबैको डे मनाया जाएगा। इसे लेकर हजारीबाग सदर अस्पताल के सिविल सर्जन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं इक्कतीस मई को प्रभात फेरी निकालने का निर्णय लिया गया।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में अगले चार दिनों तक लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। रांची मौसम केंद्र ने कल और परसो पलामू प्रमंडल में हीट वेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तरी छोटानागपुर के कुछ जिलों और दक्षिणी छोटानागपुर तथा कोल्हान में हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

********समाप्त********